तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **जगदीश गुर्जर** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार शेरगढ़)** सू.अ.अपील संख्या—ऑनलाईन अपील संख्या 353012852094643	नं व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15/07/25	अपीलार्थी जगदीश गुर्जर निवासी ग्राम, पोस्ट दासानियां वाया सोमेसर तहसील शेरगढ़ जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 08.06.2025 को राजस्व ग्राम दासानिया में स्थित ओरण गोचर भूमि के खसरा संख्या 449, 449/2, 375, 444, 174/4, 375/2, 193 में किये गये अतिक्रमण करने वालों की सूची एवं भू राजस्व अधिनियम की धारा 91 के तहत की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रतियां एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.07.15 18:16:05 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
16570751